स्वच्छ सर्वेक्षण 2021

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 11.12.2020

- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 के दृष्टिगत रखते हुये नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के उद्देश्य से नगर के समस्त नगरवासियों से की गई अपील।**
- **नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में सदर बाजार व उसके आस–पास क्षेत्रो में पैदल मार्च कर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।**
- **प्रतिबन्धित पॉलीथीन के विरूद्ध नगर निगम की बड़ी कार्यवाही, दिनांक 10.12.2020 को रामगंज केरूगंज में स्थित एक गोदाम से 30 कुन्टल प्रतिबंधित पालीथीन जब्त की गई।**

1– नगर आयुक्त महोदय द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 के दृष्टिगत जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु व नगर में साफ–सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, निर्माण कार्यो, हाउस टैक्स एवं वाटर टैक्स से संबन्धित शिकायतों/समस्याओं के लिये एवं अपनी व अपने आस–पास की समस्याओं को फोन के माध्यम से सीधे सबंन्धित अधिकारियों को अवगत कराये जाने की अपील की गई। नगर में आमजन को होने वाली किसी भी प्रकार की समस्या हेतु शिकायत/असुविधा होने पर नगर निगम के अधिकारियों से सीधे संवाद कर फोन के माध्यम से अवगत कराकर समस्या का निस्तारण करा सकते है।

- सफाई से संबन्धित शिकायत नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओ0पी0 गौतम के मोबाइल नम्बर–7355002317 एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित के मोबाइल नम्बर–7355349255
- पेयजल से संबन्धित शिकायत महाप्रबन्धक जल श्री वी0एन0 द्विवेदी के मोबाइल नम्बर–7355001445 एवं सहायक अभियंता जल श्री पी0के0 सिंह के मोबाइल नम्बर–7355002016
- प्रकाश व्यवस्था से संबन्धित शिकायत सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती के मोबाइल नम्बर–7355334106 एवं प्रकाश अधीक्षक श्री अनवार के मोबाइल नम्बर–9305145655
- निर्माण कार्यो से संबन्धित शिकायत मुख्य अभियंता सिविल श्री दिनेश चन्द्र सचान के मोबाइल नम्बर– 7355004827, सहायक अभियंता निर्माण श्री विपुल कुमार के मोबाइल नम्बर–7355343689
- हाउस टैक्स एवं वाटर टैक्स से संबन्धित शिकायत मुख्य कर निर्धारण अधिकारी श्रीमती आरती सिंह के मोबाइल नम्बर–7355002332, कर अधीक्षक श्री रामसेवक राम के मोबाइल नम्बर–7355001810
- आवारा पशुओं से संबन्धित शिकायत सहायक नगर आयुक्त श्री अगंद गुप्ता के मोबाइल नम्बर–9451248770
- अन्य प्रशासनिक संबन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे के मोबाइल नम्बर–7355002144
- शिकायतों का संज्ञान न लिये जाने पर अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0 सिंह के मोबाइल नम्बर–9415500022 पर अवगत करायें।

2– स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के अन्तर्गत नागरिको को सफाई व्यवस्था के प्रति जागरूक किये जाने हेतु नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में आज दिनांक 11.12.2020 को सदर चौराहे व आस–पास के क्षेत्रो का पैदल मार्च कर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में नागरिको की भागीदारी बढ़ाने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किये जाने हेतु नगर निगम के अधिकारियो द्वारा रोस्टर के अनुसार मुख्य मार्गो पर पैदल मार्च निर्धारित किया गया है। मार्च के समय स्वास्थ्य विभाग,जलकल विभाग,निर्माण विभाग,कर विभाग एवं पथ प्रकाश एवं प्रर्वतन दल की एक–एक टीम आवश्यक उपकरणो के साथ उपस्थित रहकर जागरूकता अभियान के दौरान संज्ञान में आयी समस्याओ का तत्काल निस्तारण कराया गया। सदर बाजार की दोनो तरफ की नालियो के ऊपर किये गये अतिक्रमण को मौके पर हटवाकर नालियो की साफ–सफाई कराई गई एवं गन्दगी मिलने पर जुर्माना भी लगाया गया। इसके साथ ही सभी दुकानदारो से अतिक्रमण न करने एवं साफ–सफाई रखने की अपील गई। पैदल मार्च के समय ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से नागरिको को स्वचछता के प्रति सतर्कता एवं जागरूकता कोविड–19 के दृष्टिगत किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनसामान्य से अपील की गई कि स्वच्छता अभियान के सर्वेक्षण में अपनी पूरी–पूरी सहभागिता करें। पैदल मार्च में नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ उपनगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, श्री अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओ0पी गौतम, स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता श्री पी0के0सिंह एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

3– नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम,शाहजहाँपुर में नियमित रूप से प्रतिबन्धित पालीथीन के उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। जिसके अन्तर्गत दिनांक 10.12.2020 को मो0 रामगंज में श्री अंशुल कुमार गुप्ता के गोदाम से 30 कुन्टल प्रतिबंधित पालीथीन जब्त की गई। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे ने प्रवर्तन दल टीम के साथ बाजार रामगंज केरूंगज स्थित व्यापारी के गोदाम पर जाकर गुरूवार शाम को छापा मारा। व्यापारी के गोदाम प्रतिबंधित पालीथीन से भरा हुआ था, जिसे नगर निगम की टीम ने कब्जे में ले लिया। इसके साथ ही गोदाम को सील कर 40000.00 का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर के समस्त व्यापारियो एवं नगरवासियो से अपील की गई कि प्रतिबन्धित पॉलीथीन का उपयोग न करे। स्वच्छता रखने और पर्यावरण को दूषित होने से बचाने की अपील की गई। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट श्री राजेश कुमार उप नगर आयुक्त महोदय श्री आशुतोष कुमार दुबे, प्रवर्तन दल की टीम,राजस्व निरीक्षक व सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर